Tirupati Balaji Group / Established 2009 / Ghaziabad
R.N.I No. UPBIL/2009/28691, DAVP Code: 101473

Page 8 / Price Rs. 2.00 / Ghaziabad, Sunday, 10 May 2020
Postal Registration No. UP/GBZ-80/2016-18

TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Vol./Year-11 Issue - 49

Hindi / English (Bi-Lingual) Weekly Ghaziabad
केन्द्र एवं उ0प्र0 सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

www.tbcgzb.com

News of the Week

वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के इलाज खोजने के प्रयास काफी तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। ऐसे में थोड़ी राहत वाली खबर अमेरिका से आ रही है। यहां की एक कंपनी ने दावा किया है कि कोरोना का टीका बनाने के उसके प्रयासों के शुरुआती नतीजे काफी उत्साहजनक हैं।

Inside Ghaziabad

पेज नंबर 2
ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं घर बैठे बनाएंगी स्कूल की ड्रेस

पेज नंबर 7
HC rejects Yadav Singh's plea for release from...

TIRUPATIEYE

हेल्प लाइन नंबर

विदेश से यात्र कर लौटने वाले व्यक्ति की सूचना दें
0120–4186453

मास्क और सैनिटाइजर कालाबाजारी की सूचना दें
0120–2829040

जरूरी सामान की दुकान बंद कराए या मीडियाकर्मी को रोके तो सूचना दें
9454403434

कोरोना वायरस के सैंपल लेने के लिए जिला एमएमजी अस्पताल स्थित कंट्रोल रूम का नंबर
07011477836

संयुक्त जिला अस्पताल में स्थापित कंट्रोल रूम
0120–2783098

जिले में अब तक हुई 1870 मीट्रिक टन गेंहू की खरीद

गाजियाबाद : जिले में दिनांक 17 मई तक कुल 1870:45 मैट्रिक टन गेंहू की खरीद की जा चुकी है। अब तक 624 किसानों ने क्रय केंद्रों पर गेंहू बेचा है। इसके सापेक्ष किसानों को 294:93 लाख का भुगतान किया जा चुका है। जो कि कुल भुगतान का 81:91 प्रतिशत बताया जा रहा है। जिला खाद्य विपणन अधिकारी रोली सिंह ने बताया कि जनपद में अब तक कुल 832 कृषकों ने पंजीकरण कराया था। जिनके सापेक्ष अब तक कुल 624 किसानों से सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुए गेंहू खरीद की जा चुकी है। किसानों से अपील की गई है कि वे गेंहू विक्रय के समय अपने साथ खतौनी की कापी, आधार कार्ड, बैंक पासबुक आदि क्रय केंद्रों पर लेकर आए। जिससे उन्हें किसी भी असुविधा से बचा जा सके।

जिले में लगातार बढ़ रहे कोरोना पॉजिटिव केस, संख्या हुई 172

गाजियाबाद में अभी तक 5251 लोगों के सैंपल लिए गए, 568 लोगों की रिपोर्ट आनी बाकी

गाजियाबाद : जनपद गाजियाबाद में कोरोना से पीड़ित मरीजों की संख्या में निरंतर बढ़ोतरी होती जा रही है। जनपद में अब कुल 172 लोग कोरोना पॉजिटिव पाये गये है। शुक्रवार तक 24 घंटे के भीतर 100 मरीजों के सैंपल लिए गए जिनमें 3 कोरोना पॉजिटिव मिले हैं और प्राप्त हुई रिपोर्ट के मुताबिक 99 कोरोना नेगेटिव मिले हैं और शेष की रिपोर्ट आनी बाकी है। बता दें कि जनपद गाजियाबाद में अभी तक 5251 लोगों के सैंपल लिए गए हैं जिनमें से 4683 लोगों की रिपोर्ट आई है जबकि 568 रिपोर्ट आनी बाकी है। कुल पॉजिटिव मरीजों की संख्या में शुक्रवार 15 मई तक 172 हो गई है। 106 मरीजों को डिस्चार्ज किया जा चुका है और वर्तमान में 64 मरीज एक्टिव हैं

जिनका इलाज चल रहा है। जनपद गाजियाबाद में कुल हॉट स्पॉट 16 हैं और यह हॉट स्पॉट रेड जोन के अंतर्गत आते हैं। इसके अलावा 4 स्पॉट ओरेंज जोन भी हैं। शुक्रवार को 3 कोरोना पॉजिटिव मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने इस ओर गंभीर कदम उठाने शुरू कर दिए है। वहीं एसआरएम विवि कैंपस में हेल्थ विभाग द्वारा 17 जमातियों को क्वारंटाइम किया हुआ था। बुधवार को सभी जमातियों के स्वास्थ्य की जांच के बाद उन्हें यहां से उनके घर भेज दिया गया है। गोविंदपुरी स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी सीएचसी प्रभारी ने बताया कि 17 जमातियों को एसआरएम विव में बनाये गये क्वारंटाइम सेंटर पर रखा हुआ था। उनके स्वास्थ्य होने पर बुधवार को सभी जमातियों को उनके घरों के लिए रवाना कर दिया गया। अब उस सेंटर पर केवल एक मरीज रह गया है। जिसे जल्दी ही घर भेज दिया जाएगा।

देश में अब तक हो चुकी है 2649 लोगों की मौत

देश में कोरोना वायरस संक्रमण से पिछले 24 घंटे में 100 लोगों की मौत के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 2649 तक पहुंच गई है। वहीं बृहस्पतिवार सुबह आठ बजे से संक्रमण के 3967 नए मामले सामने आए है। जिसके बाद शुक्रवार को कुल संक्रमितों की संख्या 81,970 हो गई। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि देश में 51401 लोगों का उपचार चल रहा है जबकि अब तक 27919 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं और एक मरीज देश से बाहर जा चुका है। स्वास्थ्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अब तक 34.06 प्रतिशत मरीज स्वस्थ हो चुके है। संक्रमित लोगों में विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। बृहस्पतिवार सुबह आठ बजे से 100 लोगों की मौत हुई है।

घरों को लौट रहे प्रवासियों को वहीं रोजगार देगी सरकार

गाजियाबाद : कोरोना संकट के चलते प्रवासी श्रमिकों के लौटने का सिलसिला जारी है। लॉकडाउन–3 के बीच ही सरकार ने प्रवासियों को उनके गृह जनपद व राज्यों को लौटाने के लिए रास्ते खोल दिए। सरकार की मंशा है कि जो श्रमिक जहां रहे वहीं उसे रोजगार उपलब्ध कराया जाए। इसके लिए नीति तैयार की गई है, जिसमें मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना समेत चार योजना शामिल हैं। कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए सरकार ने देश भर में लॉकडाउन लागू किया। लॉकडाउन के दो चरणों में सख्ती के बाद सरकार की ओर से तीन मई को लागू लॉकडाउन–3 में औद्योगिक व निर्माण इकाईयों को खोलने की सशर्त मंजूरी दी गई। इसी के साथ ही पिछले करीब पौने दो माह से लॉकडाउन के चलते कामकाज न होने के कारण यहां फंसे प्रवासियों ने अपने घरों को पैदल ही लौटना शुरू कर दिया। घरों को साइकिल, रिक्शा, रेहड़ी व बैलगाड़ी से लौटते समय बहुत से प्रवासी सड़क हादसों में मौत का शिकार हुए। इस बीच प्रदेश सरकार ने पैदल लौट रहे प्रवासियों के लिए जहां बसों की व्यवस्था की। वहीं, केंद्र सरकार ने विशेष ट्रेन चलाना शुरू किया। घरों को लौट रहे प्रवासियों के लिए प्रदेश सरकार ने घरों में रहकर ही रोजगार मुहैया कराने की नीति तैयार की है, जिसमें जो जहां रहेगा उसे वहीं रोजगार मिलेगा।

348 workers sent back to Rajasthan

NOIDA: It was a reunion 14 years in the making, aided by the lockdown. Sarvesh Sharma had left his nondescript village of Beenpur Kalan in Kasganj in search of better prospects. There was a bigger world out there and that was where he wanted to be. He was 16 then, he is 30 now. While he took up odd jobs across cities — in Delhi, in Mumbai, in a tea shop at Neemuch in Madhya Pradesh — his father, Rakesh Kumar, was diagnosed with asthma, his brothers Gresh and Shiv Shankar died before they crossed their teens and his three sisters got married. Sarvesh, who went by Monu, did not know. But as the Covid-hit world and its opportunities shrunk, Monu made his way home, via many a detour. The story of his journey back home begins with the lockdown. Monu managed to reach Yamuna Expressway from Delhi, like scores of migrant workers. He was taken to Sanskar Guest House, a quarantine facility in Jewar tehsil for migrant workers. He was among 70 people there. After 40 days in quarantine, 58 of them left for their towns and villages. Monu stayed put. "He does not talk a lot, keeps to himself. He would rarely respond to our questions. As part of procedure, we take a copy of the Aadhaar cards of those in quarantine.

ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं घर बैठे बनाएंगी स्कूल की ड्रेस

गाजियाबाद : कोरोना काल में ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के लिए रोजगार की व्यवस्था की गई है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को 94 हजार जोड़ी स्कूल की यूनिफॉर्म बनाने का आर्डर दिया गया है। महिलाएं अपने घरों में ही यूनिफॉर्म की सिलाई करेंगी। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत हर वित्तीय वर्ष में स्वरोजागर के लिए स्वयं सहायता समूह बनाए जाते हैं। महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ग्राम विकास विभाग की ओर विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षण दिया जाता है। वर्तमान में 886 समूह संचालित हैं। प्रत्येक समूह में दस महिलाएं हैं। विभाग ने पहली बार वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए 2540 महिलाओं स्वरोजगार प्रशिक्षण दिलाने लक्ष्य को पूरा किया था। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए महिलाओं को ड्राइविंग भी सिखाई गई थी। लॉकडाउन के कारण समूहों को काम मिलना बंद हो गया था। अब फिर से महिलाओं को काम मिलना शुरू हो गया है। मुख्य विकास अधिकारी अस्मिता लाल ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को यूनिफॉर्म बनवाने का ऑर्डर दिया है। पिछले सत्र में इन्हीं महिलाओं से यूनिफॉर्म बनवाई गई थी। उस समय महिलाओं ने 200 रुपये प्रति यूनिफॉर्म की सिलाई की थी। इस बार पैसों में इजाफा किया गया है। एक बच्चे की यूनिफॉर्म के 300 रुपये दिए जाएंगे। विभाग की तरफ से यूनिफॉर्म का कपड़ा खरीदकर दिया जाएगा। गुणवत्ता पर अफसरों की नजर रहेगी।

दिया जाएगा अन्य कार्यों का प्रशिक्षण

महिलाओं को मसाले, तेल, आटा, अचार, डिर्टेजेंट, ज्वेलरी, कपड़े, ऑफिस फाइल, कैंडल, स्टेशनरी आदि सामान बनाने का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। पिऊर उनसे यह उत्पादन बनवाए जाएंगे। इस दौरान शारीरिक दूरी और कोरोना संक्रमण से बचाव के उपायों का पूरा ध्यान रखा जाएगा

सतर्कता ही डेंगू से बचाव है : जिला मलेरिया अधिकारी

गाजियाबाद : विश्व डेंगू दिवस के मौके पर शनिवार को जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें विचार रखा गया कि कोरोना के साथ डेंगू का बचाव इस बार अलग अंदाज में करना होगा। जिला मलेरिया अधिकारी ज्ञानेंद्र मिश्रा ने कहा कि डेंगू की अभी तक कोई वैक्सीन नहीं बन सकी है। इसलिए सतर्कता ही डेंगू से बचाव है। डेंगू मादा एडीज मच्छर के काटने से होता है। डेंगू मश्छर जुलाई से अक्टूबर के बीच पनपते हैं। खासकर मानसून की शुरूआत के साथ ही इसका खतरा शुरू हो जाता है। डेंगू का मच्छर साफ पानी में पनपता है और केवल दिन के समय काटता है। इस मच्छर के काटने के चार–पांच दिन बाद बुखार के लक्षण दिखने लगते हैं। उन्होंने बताया कोरोना और डेंगू के लक्षण काफी मिलते जुलते हैं। कई डॉक्टरों के अलावा कर्मचारियों ने गोष्ठी में हिस्सा लिया। अर्बन मलेरिया एवं फाइलेरिया कर्मचारी संघ ने शनिवार को डेंगू दिवस मनाया। कर्मचारी संघ के अध यक्ष अनिल शर्मा ने अपनी यूनिट के समस्त कर्मचारियों को कहीं भी पानी इकट्ठा नहीं होने देने की शपथ दिलाई। कर्मचारियों ने संकल्प लिया कि वैक्टर जनित रोगों से बचाव के लिए लिए वे समय–समय पर अपने घर के आसपास साफ–सफाई करते रहेंगे और आसपास रहने वाले लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे।

कोरोना संक्रमित दो साल की बच्ची का इलाज बना टेंशन

गाजियाबाद : जिले में शुक्रवार को कोरोना संक्रमित पाई गई दो साल की बच्ची का इलाज स्वास्थ्य विभाग के लिए टेंशन बन गया है। बच्ची को उसकी मां के साथ रखा गया है। मां और भी कोरोना संक्रमित हैं, लेकिन उनकी एक रिपोर्ट नेगेटिव आ चुकी है। स्वास्थ्य विभाग को डर है कि महिला दुबारा कोरोना संक्रमण की चपेट में आ सकती है। फिलहाल बच्ची को मां के पास राजेंद्र नगर स्थित ईएसआइसी भेज दिया गया है। मसूरी के रफीकाबाद में रहने वाली महिला को दो हफ्ते पूर्व प्रसव के लिए मेरठ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां उनकी कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव पाई गई थी। डिलीवरी के बाद नवजात और और फिर महिला की ननद भी संक्रमित पाई गईं, जिसके बाद परिवार के सात लोगों को क्वारंटाइन करा, स्वास्थ्य विभाग ने सभी के सैंपल लिए थे। वहीं मेरठ से बश्चे व महिला को गाजियाबाद शिफ्ट कर दिया गया। शुक्रवार को महिला की दो साल की बच्ची भी कोरोना पॉजिटिव पाई गई तो स्वास्थ्य विभाग ने बश्ची को तुरंत परिवार के अन्य लोगों से अलग कर संजयनगर कोविड एल–2 अस्पताल में शिफ्ट कर दिया। मगर बच्ची लगातार रो रही थी। उधर, मां भी बच्ची के लिए परेशान हो रही थी। सीएमओ डॉ. एनके गुप्ता का कहना है कि मां की एक रिपोर्ट नेगेटिव आ चुकी है।

फॉर्च्यून रेजीडेंसी में कोरोना योद्धाओं का किया सम्मान

गाजियाबाद : राजनगर एक्सटेंशन की फॉर्च्यून रेजीडेंसी में कोरोना योद्धाओं के सम्मान में सोसायटी में काम करने वाले 80 कोरोना योद्धाओं को खाद्य सामग्री दी गई। इस मौके पर कपिल त्यागी, नीरज विजयवर्गीय, वीरेंद्र त्यागी, धीरज त्यागी, प्रवीण त्यागी, मनोज मालिक, शोभाराम गोठवाल, बृजमोहन पुंडीर, ब्रजेश कुमार व ब्रजमोहन नेगी आदि मौजूद रहे। इसी उपलक्ष्य में सोसायटी की ओर से सभी कोरोना योद्धाओं चिकित्सक, पुलिस–प्रशासन, मीडिया, सफाई कर्मचारी और भारतीय सेना के तीनों अंगों को नमन किया गया। सोसायटी में काम करने वाले मेंटिनेंस, सफाई कर्मचारी व गार्ड आदि का सम्मान किया गया।

UP CM Yogi Adityanath launches app to collect data of migrant labourers

LUCKNOW: To collect data of migrant workers entering the state, the state government on Friday launched a 'Pravasi Rahat Mitra' app. The data will subsequently be used to link workers with the state's welfare schemes, monitor their health and in future link them with job possibilities based on their skills. onal qualification, experience, address, bank account details, Covid-19 screening status and their skills across 65 different works. Details of the ration kits being given to them will also be sought. To ensure there is no duplication of data, it will be registered under a unique mobile number for each person," said an official.

पुलिस लाइंस में अब नहीं होती है परेड, ड्यूटी हाजिरी भी बंद की गई

गाजियाबाद : कोरोना को हराने के लिए पुलिस विभाग ने भी अपनी कार्यप्रणाली में कुछ बदलाव किए हैं। पुलिस विभाग अनुशासन के लिए जाना जाता है और परेड इस अनुशासन का प्रमुख हिस्सा है। मगर वैश्विक महामारी से लडने में पुलिस विभाग ने फिलहाल इस परेड पर रोक लगाई हुई है। साथ ही शाम को ड्यूटी हाजरी भी नहीं लगाई जाती, बल्कि फोन पर ही लाइंस में तैनात पुलिसकर्मियों को ड्यूटी बता दी जाती है। इसके अलावा पुलिस लाइंस में चल रहे पीएसी के प्रशिक्षु सिपाहियों की ट्रेनिंग भी अब क्लासरूम के बजाए ओपन फील्ड में पूरी कराई जा रही है। लाइंस में तैनात पुलिसकर्मियों की हफ्ते में तीन दिन परेड होती है। एसएसपी शुक्रवार को, एसपी लाइंस मंगलवार को और सीओ लाइंस सोमवार को परेड कराते हैं। एसपी लाइंस नीरज कुमार जादौन ने बताया कि लॉकडाउन के पहले दिन से ही परेड बंद करा दी गई थी। इसके साथ ही पुलिस लाइंस परिसर को सील कर सिर्फ एक ही गेट से आवाजाही की जा रही है। लाइंस में 200 से अधिक पीएसी के प्रशिक्षु सिपाहियों की ट्रेनिंग भी रोक दी गई थी। एक माह तक प्रशिक्षण पर रोक रही, लेकिन लॉकडाउन में कुछ छूट मिलने के बाद ट्रेनिंग दुबारा शुरू कराई गई है। हालांकि इस दौरान शारीरिक दूरी का ख्याल रखा जा रहा है। क्लासरूम नहीं खोली गई हैं, सभी प्रशिक्षण लाइंस के ओपन फील्ड में दिया जा रहा है। नीरज कुमार जादौन का कहना है कि लाइंस में अब कम ही पुलिसकर्मी है। अधिकांश को अस्थाई तौर पर फील्ड में तैनाती दी गई है। पहले रोजाना शाम को पुलिस लाइंस में तैनात पुलिसकर्मियों की ड्यूटी हाजिरी होती है। इसमें उन्हें अपनी ड्यूटी के बारे में आकर पता करना होता है। कोरोना की रोकथाम के लिए अब ड्यूटी के बारे में फोन पर बताया जा रहा है। पुलिस लाइंस को कोरोना मुक्त रखने के लिए यहां सैनिटाइजर प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। लाइंस परिसर में बिना मास्क के किसी को भी आने की इजाजत नहीं है।

जल और दूध भी ज्यादा पीने से हो सकता है डायबिटीज : डॉ.परमेश्वर अरोड़ा

–वेबिनार में सर गंगाराम अस्पताल के वरिष्ठ आयुर्वेदिक सलाहकार डॉ.परमेश्वर अरोड़ा ने डायबिटीज के बारे में लोगों को किया जागरूक

–आरएचएएम, सर गंगाराम अस्पताल, गाजियाबाद भार्गव सभा, मान्यवर कांशीराम महाविद्यालय गाजियाबाद और रोटरी क्लब हुए वेबिनार में शामिल

गाजियाबाद : सर गंगाराम अस्पताल नई दिल्ली के वरिष्ठ आयुर्वेदिक सलाहकार डॉ. परमेश्वर अरोड़ा ने वेबिनार में कहा कि जल और दूध भी ज्यादा पीने से डायबिटीज हो सकता है। यदि हम शारीरिक व्यायाम नहीं करेंगे। जल और दूध भी शरीर की जरूरत के अनुसार ही पीना चाहिए। आयुर्वेद में 20 तरह की डायबिटीज को बताया गया है। यदि इससे बचना है तो खान–पान को कंट्रोल में करें और शारीरिक व्यायाम करें। पहले लोग पुराना अनाज खाते थे। अनाज को धोकर, साफ कर टंकियों में भर देते थे। पूरे दिन मेहनत करते थे, लेकिन अब लोग नया अनाज खा रहे है जिससे डायबिटीज के रोगियों की संख्या बढ़ती जा रही है। डायबिटीज रोगी को गुड, चीनी आदि मीठे को बिल्कुल त्याग देना चाहिए। यदि उन्हें मीठा खाना है तो शहद ले सकते है वो भी असली हो तो। मुनख्खा और खजूर भी खा सकते है। मीठी चाय का मन कर रहा है तो मुनख्खे के पानी की चाय पी सकते है। रात में व सूजन होने पर दही बिल्कुल न खाए यह विष का काम करती है।

वेबिनार का आयोजन रविवार को डायबिटीज की रोकथाम को लेकर आरएचएएम (रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन), रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली ईस्ट एंड, गाजियाबाद हेरिटेज, गाजियाबाद मेट्रो, दिल्ली लिगेसी, गाजियाबाद ग्रीन, रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर, गाजियाबाद भार्गव सभा, मान्यवर कांशीराम महाविद्यालय गाजियाबाद व सर गंगाराम अस्पताल द्वारा किया गया। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नॉमिनी आरटीएन अशोक अग्रवाल ने वेबिनार की ऑपनिंग की तथा समन्वयक की भूमिका रोटरी स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के चेयरमैन डा.धीरज भार्गव ने निभाई। रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली लिगेसी के चार्टर अध्यक्ष डा.प्रेम माहेश्वरी के सौजन्य से आयोजित वेबिनार में उन्होंने सभी को धन्यवाद दिया।

डॉ.परमेश्वर अरोड़ा ने डायबिटीज के लक्षण के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में बताया कि हथेली और पैर के तलवे में जलन होना, दांत बार–बार गंदे होना, शरीर में कमजोरीपन आना ये लक्षण बताते है कि शरीर में शुगर कंट्रोल नहीं है। तुरंत आयुर्वेदिक डाक्टर की सलाह लें। खान–पान को कंट्रोल में कर दे और एक्सरसाइज करें। डायबिटीज सिर्फ ब्लड शुगर के लेवल को प्रभावित नहीं करती है बल्कि अगर इसे मैनेज नहीं किया जाए तो, इससे मोटापा, किडनी फेल होना और स्ट्रोक हो सकता है। टाइप 1 डायबिटीज में, बॉडी इंसुलिन प्रोड्यूस नहीं करती। दूसरी ओर, टाइप 2 डायबिटीज में बॉडी इंसुलिन का सही इस्तेमाल नहीं कर पाती है। इसे इंसुलिन रेजिस्टेंस कहा जाता है। डाक्टर अरोड़ा ने लोगों को एक आंवला और हल्दी को बराबर–बराबर मात्रा में मिलाकर सुबह–शाम आधा–आधा चम्मच गर्म पानी से पीने की सलाह दी। हल्दी को मिलाने से पहले उसे घी में फ्राई जरूर करे। इससे हमारी किड़नी को बहुत लाभ होगा। जब हम लीवर, किड़नी, शुगर के रूटीन चैकअप भी कराते है तो उसमें रोग के बारे में पता नहीं चलता, क्योंकि रिपोर्ट में लीवर, किड़नी 70–75 प्रतिशत खराब होने के बाद ही रोग के बारे में पता चलता है। तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। हमें अपनी प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करना है। सबसे ज्यादा मौतें कोविड–19 में शुगर रोगी की ही हुई है। यदि किसी को एसीडिटी के साथ कफ होता है तो दही बिल्कुल और दालों को बिल्कुल छोड़ दें। आंवला खाए।

इस दौरान डिस्ट्रिक गर्वनर नोमिनी अशोक अग्रवाल, पास्ट डिस्ट्रिक गर्वनर संजय खन्ना, पास्ट डिस्ट्रिक गवर्नर केके गुप्ता, राजेंद्र नागपाल, सुनील गौतम, आलोक, संदीप मिगलानी, प्रेम माहेश्वरी और डॉ.धीरज भार्गव ने भी सवाल पूछे।

वेबिनार में सर गंगाराम अस्पताल नई दिल्ली के वरिष्ठ आयुर्वेदिक सलाहकार डॉ.परमेश्वर अरोड़ा, मान्यवर कांशीराम महाविद्यालय की प्रधानाचार्य प्रो.डा.अर्चना वर्मा, रोटरी स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के चेयरमैन डा.धीरज भार्गव, डिस्ट्रिक गर्वनर नोमिनी अशोक अग्रवाल, पास्ट डिस्ट्रिक गर्वनर संजय खन्ना, पास्ट डिस्ट्रिक गवर्नर केके गुप्ता, संजय रोहिला, खालिद इकबाल, रो.रवींद्र सिंह, राजेंद्र नागपाल, अशोक मलिक, अवलोक, शीतल राय, धवल गुप्ता, अनीता सिंघल, नितिन गुप्ता, बीडी कामरा, प्रदीप कुमार, प्रवीन गोयल, सचिन अग्रवाल, एसके अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, हरीश रजवाड़ा, अजय गुप्ता, प्रेम माहेश्वरी, अजय कुमार, विजय भार्गव, सतपाल जैन, अशोक अहरवाल, निशा माहेश्वरी, राकेश मित्तल, नदीम मजार, संदीप मिगलानी, दीपक गुप्ता, अशोक बजाज, राजीव अजमानी, अशी मित्तल, योगेश गर्ग, सुनील गौतम, सुरेंद्र शर्मा आदि शामिल रहे।

आंधी में गिरे पेड़ , हटाने की मांगी अनुमति

गाजियाबाद : हाल ही में आई आंधी से कई जगहों पर पेड़ गिर गए हैं। सड़कों के अलावा सरकारी कैंपस में गिरे पेड़ों की वजह से आवाजाही प्रभावित हो रही है। जिला चिकित्सालय एमएमजी कैंपस में गिरे दो पेड़ों ने तो आने वाले सैकडों मरीजों की परेशानी बढ़ा दी है। मरीजों के अलावा डॉक्टरों को घूमकर जाना पड़ रहा है। सीएमएस रङ्क्षवद्र राणा ने इस संबंध में वन विभाग को पत्र भेजकर अवगत कराया है और हटवाने का अनुरोध किया है। जानकारी के अनुसार

संजयनगर, लोहिया नगर, कमला नेहरू नगर, कनावनी पुलिया, मेरठ रोड और जीटी रोड पर कई जगह छोटे–बड़े पेड़ आंधी में गिर गए हैं। इनमें कुछ पेड़ नगर निगम के तो कुछ जीडीए के हैं। प्रभागीय निदेश सामाजिक वानिकी दीक्षा भंडारी के मुताबिक गिरे हुए पेड़ जिस विभाग के होंगे वह उन्ही की प्रॉपर्टी है। वे उन्हे वहां हटवाकर दूसरी जगह सुरक्षित रख सकते हैं। बाद में नियमानुसार नीलामी कराई जा सकती है। उनके मुताबिक एमएमजी में गिरे पेड़ों की जांच के बाद सीएमएस को अवगत करा दिया गया है कि वे दूसरी जगह पेड़ों को सुरक्षित रखवा सकते हैं। डीएफओ ने बताया कि जहां कटवाने की जरूरत हैं वहां जांच के बाद पेड़ को वहां से हटवाने के बाद ही अनुमति दी जाती है।

व्यापारी संगठनों ने दुकान खोलने को दिया ऑड–ईवन फार्मूले का सुझाव

गाजियाबाद : कोरोना संकट के चलते लॉकडाउन–4 के तहत स्थानीय बाजारों को ऑड–ईवन फार्मूले के तहत खोले जाने के लिए व्यापारी संगठनों ने डीएम को ज्ञापन सौंपा है। ऑड दिनों में सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक इलेक्ट्रिक गुड्स, इलेक्ट्रोनिक्स, कंप्यूटर, मशीनरी, मोबाइल की दुकान, ऑटोमोबाइल शोरूम, टायर शॉप, ट्रांसपोर्टेशन, मोटर स्पेयर पार्ट्स, ऑटोमोबाइल सर्विस स्टेशन, लोहा मंडी, पाइप मार्केट, मार्बल, टाइल्स, रोड़ी, बदरपुर, सीमेंट, आरा मशीन, बर्तन आदि की दुकानें खोलने का सुझाव दिया है। ईवन दिनों में रेडिमेड, कपड़ा, ज्वैलरी, आर्टिफिशियल ज्वैलरी, कॉस्मेटिक, डेकोरेशन का सामान, सूटकेस, टेंट हाउस फार्म, पेंट, हैंडलूम, बुक सेलर्स, हौजरी, फुटवियर, गिफ्ट शॉप, आप्टीकल, फ्लोवर डेकोरेशन, टाइपिस्ट, फोटो कॉपी व बैनामा लेखक, प्रिंटिंग प्रेस, जूस की दुकान, जनरल स्टोर, कोल डिपो आदि की दुकानें खोलने का सुझाव दिया है।

EDITORIAL

Local motif: On Modi's call for self-reliance

Prime Minister Narendra Modi's emphasis on Tuesday, on a renewed drive for a self-reliant India is not merely a reaction to the new global realities spawned by the COVID-19 pandemic. It is a throwback to the nationalist economic policies that India and other newly independent nations followed in the last century before the high tide of globalisation swept over. His statement also foretells a potential renewal of the swadeshi economic policies that continue to inspire Hindutva politics long after centrist nationalists have abandoned them. India opened itself to the global market in 1991 through its liberalisation, privatisation and globalisation policies, but remained cautious as it skirted around the whirlwind of international capital in the following decades. This hesitant approach of India often led to a clamour from various vocal quarters for faster and deeper opening of its economy but its relative insularity from disruptive global headwinds turned out to be helpful several times in the last three decades. When Mr. Modi took over as Prime Minister, there was a renewed cry from global corporations and foreign governments for bolder reforms. If anything, he travelled the opposite course — raising fresh trade barriers and seeking to strengthen India's manufacturing base through the 'Make In India' initiative. In doing so, he has been true to his ideological calling and also to his mandates of 2014 and 2019 — which were not sought or won for expanding globalisation. Mr. Modi's politics, in fact, rides on the mobilisation of people dispossessed and alienated by the rumbling march of globalisation by providing them new targets to vent their anger on.

The pandemic brought to the fore at once the limits and inevitability of globalisation. Countries such as the U.S. that relied on others for the supply of essential medicines and medical equipment were suddenly vulnerable. China's unmatched leverage in global supply chains and concerns that it may weaponise trade have prompted a renewed global discussion on the components of national security and how to protect them. At the same time, this pandemic continues to illustrate how inseparably shared is the future of humanity, across national boundaries. Mr. Modi understands this dynamics of global politics and has sought to advance India's interest within an emerging framework. He did not repudiate globalisation, but proposed a new syntax for it — a human-centric one, as opposed to the current profit motivated model, according to him. He placed India at its centre. This is largely rhetorical and might be unmindful of India's limitations. To the extent that such politics brings succour to the disadvantaged, it is to be welcomed. If this is only a facade for majoritarianism or authoritarianism, it will bring more harm to the same people that this approach professes to protect. His supporters and opponents alike would be eager to see how this philosophy translates into policy.

-By Dr. Dheeraj Kumar Bhargava

गैंगस्टर में वांछित चल रहे दो बदमाशों को पकड़ा

गाजियाबाद : थाना सिहानी गेट पुलिस ने गैंगस्टर में वांछित दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपित कैला देहात निवासी शहजाद और आमिर हैं, जिनके खिलाफ थाना गैंगस्टर की धारा में केस दर्ज किया गया था। दोनों आरोपित विजयनगर क्षेत्र में बीते साल हुई एक चोरी के मामले में जेल गए थे। इसके बाद सिहानी गेट क्षेत्र से तमंचों के साथ गिरफ्तार किए गए थे।

कहासुनी में युवक को मारी ईंट, घायल बोलने में असमर्थ

गाजियाबाद : शराब के नशे में गली में गाली–गलौज को लेकर महिला से कहासुनी के बाद युवक को ईंट मार दी। इस कारण घायल के सिर में क्लॉट जम गया और एक हफ्ते के इलाज के बावजूद अभी तक वह बोलने में असमर्थ है। घटना थाना सिहानी गेट क्षेत्र में पांच मई की है, जिसमें शुक्रवार को पीडित के जीजा की ओर से आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। मेरठ के सरधना निवासी राजीव कुमार ने बताया कि उनका साला नरेश गाजियाबाद के हरवंश नगर में परिवार के साथ रहता है। पांच मई की शाम साढ़े चार बजे नरेश घर लौट रहा था। राजीव के मुताबिक उसने कुछ दोस्तों के साथ शराब पी ली थी। रास्ते में एक युवक मिला तो उससे राजीव उससे बात करने लगा। इसी दौरान पास से पड़ोस में रहने वाली महिला गुजरी तो उसने नरेश पर गाली–गलौज का आरोप लगाया। इस पर दोनों में कहासुनी हुई, लेकिन फिर दोनों घर को लौट गए। नरेश घर जाकर छत पर चला गया, जिसके बाद महिला का भतीजा भी अन्नू उर्फ ढोंचू अपनी छत पर पहुंचा। आरोप है कि अन्नू ने अपनी छत से नरेश को ईंट फेक कर मारी। एक ईंट नरेश के पैर के निचले हिस्से में लगी और दूसरी सिर में। वहीं घर वालों ने नरेश को शराब के नशे में सोचकर लिटा दिया। मगर दो दिन तक जब नरेश को होश नहीं आया तो राजीव को सूचना दी। एसएचओ ने बताया कि आरोपों के आधार पर केस की छानबीन की जा रही है।

126 करोड़ से बने विद्युत उपकेंद्र का ई–लोकार्पण 19 मई को होगा

गाजियाबाद : शहर के प्रताप विहार में करीब 126 करोड़ की लागत से बने 200 केवी एमवीए के विद्युत उपकेंद्र का ई–लोकार्पण 19 मई को होगा। विगत वर्ष 2018 में राज्यमंत्री अतुल गर्ग के निर्देश पर प्रतिनिधि अजय राजपूत ने विद्युत उपकेंद्र बनाने के लिए विद्युत निगम के समक्ष बात रखी थी। अब यह उपकेंद्र बनकर तैयार हो गया है। इसे बनाने में 126 करोड़ रुपये लागत आई है। इसके चालू होने से जनता को विद्युत कटौती और ओवरलोड जैसी समस्याओं से निजात मिलेगी। ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा के निर्देशन में ऊर्जा राज्यमंत्री रमाशंकर सिंह पटेल, केंद्रीय राज्यमंत्री जरनल वीके सिंह व राज्यमंत्री अतुल गर्ग की उपस्थिति में विद्युत उपकेंद्र का ई–लोकार्पण किया जाएगा।

ऑनलाइन वेबिनार में दी विद्यार्थियों को जानकारी

गाजियाबाद : आइएसएस यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस के मैनेजमेंट विभाग की ओर से शनिवार को ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया गया। जिसका विषय कोविड–19 एंड फिनेंशियल सर्विसेज चुनौती और अवसर रहा। मुख्य वक्ता के रूप में स्ट्रेटेजिक प्रोजेक्ट रेयाना टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक दिवाकर राजशेखरन, डीजी एजेंसी ब्रोकर मैनेजमेंट हेड रोहन इंदुल्कर, मिराई एसेट इंवेस्टमेंट मैनेजर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड हेड उमेश कुमार दाइला ने कोविड महामारी के दौर में चुनौतियों और अवसर के बारे में अपने विचार साझा किए। उपस्थित छात्र–छात्राओं को विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियां दी। वेबीनार की शुरूआत बीबीए डिपार्टमेंट हेड एवं वेबिनार संयोजक डॉ. गीता शर्मा ने की।

वर्चुअल क्लास ग्रुप में फीस भुगतान रसीद की फोटो डालकर विद्यालय बना रहे दबाव

गाजियाबाद : सभी विद्यालयों की ओर से वर्चुअल क्लास चलाई जा रही हैं। इसके लिए व्हॉट्सएप ग्रुप बनाए गए हैं। कई अभिभावकों ने शिकायत की है कि लॉकडाउन में जिन अभिभावकों ने फीस जमा कर दी है, विद्यालय उनकी भुगतान रसीदों की फोटो वर्चुअल क्लास ग्रुप पर डाल रहे हैं। आरोप है कि फीस अदा न कराने वाले अभिभावकों पर दबाव बनाने के लिए ऐसा किया जा रहा है। जिला विद्यालय निरीक्षक रविदत्त शर्मा ने चेतावनी दी है कि कोई भी विद्यालय इस तरह की हरकत नहीं करेगा। इस तरह से दबाव डालने वाले विद्यालयों पर कार्रवाई की जाएगी। अभिभावकों का कहना है कि विद्यायलों की इस हरकत से उनके बच्चों में हीन भावना आ रही है। उन्हें लग रहा है कि दूसरे बच्चों के माता–पिता ने फीस जमा कर दी, लेकिन उनके अभिभावक अभी फीस जमा नहीं कर पाए। इससे बच्चों की मानसिक स्थिति पर प्रभाव पड़ रहा है। फीस जमा न कर पाने वाले अभिभावकों का कहना है कि कुछ अभिभावक तो खुद भी फीस जमा करके रसीदें ग्रुप पर डाल रहे हैं, जोकि गलत है। जिला विद्यालय निरीक्षक रवि दत्त शर्मा का कहना है कि वर्चअल क्लास के लिए बनाए गए ग्रुप पर कोई भी विद्यालय फीस भुगतान स्लिप की फोटो डालकर अभिभावकों पर दबाव नहीं बना सकेगा। ऐसा करने वाले विद्यालयों पर कार्रवाई की जाएगी। अभिभावकों से भी अपील है कि उन्होंने फीस जमा कर दी है तो रसीद की फोटो ग्रुप पर न डालें। इससे दूसरे बच्चों पर प्रभाव पड़ता है।

शिक्षकों की अनुपस्थिति से हो रही मूल्यांकन कार्य में देरी

गाजियाबाद : शिक्षकों की अनुपस्थिति से यूपी बोर्ड परीक्षा उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन कार्य में देरी हो रही है। करीब पचास फीसद शिक्षक अनुपस्थित चल रहे हैं। लॉकडाउन में करीब आधे शिक्षक तो कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए अपने मूल निवास पहुंच गए। इससे अब मूल्यांकन केंद्रों पर शिक्षकों की भारी कमी हो गई है। अब तक करीब 50 फीसद मूल्यांकन कार्य ही पूरा हो सका है। जिले में दो केंद्रों शंभु दयाल इंटर कॉलेज और सनातन धर्म इंटर कॉलेज में यूपी बोर्ड परीक्षा उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन कार्य चल रहा है। जिल में करीब तीन लाख उत्तर पुस्तिकाएं जांचने के लिए कुल 1345 शिक्षकों को नामित किया गया था। इनमें भी अब सात सौ से आठ के बीच ही शिक्षक केंद्र पर मूल्यांकन कार्य में शामिल हो रहे हैं। अभी दोनों केंद्रों पर मूल्यांकन का आधा ही कार्य हो पाया है। जिला विद्यालय निरीक्षक के आदेश के बावजूद दोनों ही केंद्रों पर शिक्षकों की उपस्थिति नहीं बढ़ पा रही है। ऐसे में मूल्यांकन कार्य में देरी हो रही है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने शिक्षकों को सख्त आदेश दिए हैं कि मूल्यांकन कार्य के लिए जितने भी शिक्षक नामित हैं, उतने ही केंद्रों पर भी मौजूद रहने चाहिए। इसके लिए शिक्षकों और विद्यालयों को नोटिस भी जारी किया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक रवि दत्त शर्मा का कहना है कि अनुपस्थित शिक्षकों को नोटिस भेज कर बुलाया जा रहा है। उम्मीद है वह आ जाएंगे। फिर मूल्यांकन कार्य तेजी से होगा।

केडब्लू सृष्टि सोसायटी के लोगों ने किया हंगामा

गाजियाबाद : राजनगर एक्सटेंशन की केडब्लू सृष्टि सोसायटी के लोगों ने शनिवार को हंगामा किया। लोगों का कहना है कि कहने को सोसायटी एक पखवाड़े से सील है। लेकिन निगरानी न होने के कारण लोगों का आवागमन जारी है। वो फ्लैट मालिक भी खुलेआम घूम रहे हैं, जिनको क्वारंटाइजन कर उनका सैंपल जांच के लिए भेजा गया है। लोगों की मांग है कि सोसायटी को लेकर स्पष्ट निर्णय लिया जाए। सील करनी है तो उसका पालन कराया जाए। अन्यथा इसके खोल दिया जाए। हंगामा करने वाले लोगों का कहना है कि एक कोरोना संक्रमित व्यक्ति

